आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.05.2026 समय : 1905

- पश्चिम बंगाल में भाजपा दो सौ से अधिक सीटों पर बढ़त के साथ प्रचंड जीत की ओर अग्रसर– वहीं तमिलनाडु में अभिनेता थलापति विजय की पार्टी टी वी के ने किया बड़ा उलटफेर। असम में भाजपा की हैट्रिक।
- स्वराज द्वीप में दक्षिण अंडमान प्रशासन ने जन संवाद के दौरान कालापत्थर से विजयनगर तक बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की।
- सांसद बिष्णु पद रे ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया की सराहना करते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा के कार्यक्रम में परिवर्तन की मांग की।
- एन सी सी कैड्टस के लिए जे एन आर एम में आयोजित रैंक सेरेमनी में कैडेट्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

चार राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मतों की गिनती जारी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है, जबकि असम और पुद्दुचेरी में वह सहयोगी दलों के साथ सत्ता में वापसी कर रही है। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टी.वी.के. ने बड़ा फेरबदल किया है। केरलम् में कांग्रेस के नेतृत्व में यू.डी.एफ. स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ रही है। पश्चिम बंगाल में 293 विधानसभा सीटों के रुझान और परिणाम मिल चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी को 202 सीटों पर बढत मिली है इनमें से वह 20 सीटे जीत चुकी है। तृणमूल कांग्रेस 85 सीटों पर बढत बनाए हुए है और इनमें से 8 सीटों पर उसे जीत हासिल हुई है। असम में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा की 126 सीटों में से अब तक 52 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। भाजपा को 42 सीटे मिली हैं जबकि उसकी सहयोगी ए.जी.पी. को 3 और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट को 5 सीटे मिली हैं। भाजपा उम्मीदवार और मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा जालुकबाडी सीट पर आगे चल रहे हैं। कांग्रेस के गौरव गोगोई जोरहाट सीट से हार गए हैं। केरल में सभी 140 सीटों के परिणाम और रुझान मिल गए हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को शानदार जीत मिली है।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अभिनेता से राजनेता बने विजय के नेतृत्व में तमिलगा वेत्री कडगम–टी.वी.के. सबसे बडी पार्टी के रूप में उभरकर इतिहास रचने के लिए तैयार है। टी.वी.के. 87 सीटों पर आगे है और 22 सीटों पर उसे जीत मिल चुकी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व में सत्तारूढ डीएमके को अब तक 8 सीटे मिली हैं और 51 पर आगे है। पुद्दुचेरी में एन. रंगास्वामी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने जा रही है

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने आज स्वराज द्वीप में सार्वजनिक जन शिकायत बैठक–सह–संवाद का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त दक्षिण अंडमान पूर्वा गर्ग ने सम्मेलन कक्ष में की। बैठक में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, गोविंद नगर और श्याम नगर के प्रधान, वार्ड सदस्य तथा पंचायत समिति सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। राजस्व विभाग और अंडमान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में कालापत्थर क्षेत्र में सड़क निर्माण और राज्य राजमार्ग के सुधार, कालापत्थर समुद्र तट एवं आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास, विजय नगर में उपचारित पेयजल आपूर्ति, गोविंद नगर में पीएमजीएसवाई सड़कों तथा लंबित सांसद निधि सड़क की समीक्षा, होटलों की जवाबदेही सहित स्वच्छ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का अनुपालन, आंगनवाड़ी केंद्रों को विद्यालयों के निकट स्थापित करने, पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत विद्युतिकरण की समीक्षा तथा पीएमएवाई एवं वी बी जी राम जी से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला प्रशासन ने कहा कि विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर प्रगति में तेजी लाई जाएगी और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने अंडमान एवं निकोबार पुलिस में चल रही भर्ती प्रक्रिया के तहत कुछ पदों के आयु सीमा मानदंडों की समीक्षा और पुनर्विचार की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को एक पत्र भेजा है। सांसद ने पुलिस विभाग द्वारा 24 अप्रैल 2026 की अधिसूचना के तहत ग्रुप 'बी' (गैर–राजपत्रित) एवं ग्रुप 'सी' के विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल द्वीपों के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। हालांकि, उन्होंने अभ्यर्थियों द्वारा उठाई गई उस चिंता का उल्लेख किया जिसमें कुछ ग्रुप 'सी' पदों के लिए निर्धारित आयु सीमा में असमानता पाई गई है। पत्र की एक प्रति मुख्य सचिव, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन को भी भेजी गई हैं

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के एन सी सी के कैडेट्स के लिए एक मई को रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें कुल पचास कैडेट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और एन सी सी गतिविधियों में सक्रिय योगदान के आधार पर विभिन्न रैंक प्रदान किए गए। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य, वरिष्ठ एन सी सी अधिकारी एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि एन सी सी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

<><><><><><><>

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने अंडमान स्थित अपने सी एस एल ए एन शिप रिपेयर यूनिट, श्री विजय पुरम में सुपरवाइजर ट्रेनी के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली मिनीरत्न श्रेणी–1 कंपनी ने कुल दो पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। सुपरवाइजर ट्रेनी (मैकेनिकल) और सुपरवाइजर ट्रेनी (इलेक्ट्रिकल) के एक–एक पद भरे जाएंगे, जो अनारक्षित श्रेणी के हैं। मैकेनिकल पद के लिए अभ्यर्थी के पास राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा होना आवश्यक है, जबकि इलेक्ट्रिकल पद के लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा अनिवार्य रखा गया है। भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.cochinshipyard.in के करियर पेज (CANSRU, अंडमान) पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई है ।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया, जो सिस्को बिजनेस सोल्यूशन के सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एनकॉल के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों के लिए उद्योग से जुड़ाव और व्यावसायिक अनुभव के महत्व पर जोर दिया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के लिए तैयार करते हैं। इस प्लेसमेंट ड्राइव में अंतिम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, समूह

चर्चा और साक्षात्कार जैसे चरण शामिल थे। कई छात्रों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया, जिनमें फाइनेंस एसोसिएट, पब्लिक रिलेशंस एसोसिएट और बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट शामिल हैं।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत अंडमान एवं निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा विभिन्न पदों के लिए वैकेंसी नोटिस जारी किया गया है। इन पदों में कंप्यूटर असिस्टेंट, जूनियर लेबोरेटरी असिस्टेंट तथा फील्ड असिस्टेंट शामिल हैं, जिन्हें पूर्णतः संविदा आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट dstpcc.andamannicobar.gov.in/ पर विजिट कर सकते है।

<><><><><><><>